PRINT

# अमर उजाला (Amar Ujala)

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 136382 |
| दिनांक (Dated): 09.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 09 | क्रम सं. (Serial No.) 2 |

## सीआईएसएफ ने यूएसए में आयोजित विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में 64 पदक जीते

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने 30 जून से छह जुलाई 2025 तक अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में कुल 64 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है, जहां दुनियाभर के पुलिस और अग्निशमन सेवाकर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ष, 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया।

सीआईएसएफ टीम ने छह स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की। संवाद



अमेरिका के बर्मिंघम 64 पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी।